**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ................................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J—0808**

**PAPER—II**

# COMMERCE

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# COMMERCE

## PAPER — II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) objective-type questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

1. The choice of distribution channel is affected by :
   (A) Market consideration (B) Product consideration
   (C) Middle man consideration (D) All of the above

2. Who is the custodian of monetary reserves in India ?
   (A) SBI (B) SIDBI (C) NABARD (D) RBI

3. Who is the fiscal agent and advisor to government in monetary and financial matters in India ?
   (A) SBI (B) IDBI (C) ICICI (D) RBI

4. During the depression, it is advisable to :
   (A) Lower Bank Rate and purchase securities in the market
   (B) Increase Bank Rate and purchase securities in the open market
   (C) Decrease Bank Rate and sell securities in the open market
   (D) Increase Bank Rate and sell securities in the open market

5. Nationalization of banks aimed at all of the following except :
   (A) Removal of control by a few
   (B) Provision of control by a few
   (C) Provision of adequate credit for agriculture, small industry and export units
   (D) Encouragement of a new class of entrepreneur

6. The portion of total deposits of a commercial bank which it has to keep with RBI in the form of cash reserves is termed as :
   (A) CRR (B) SLR
   (C) Bank Rate (D) Repo Rate

## वाणिज्य

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** वितरण माध्यम के चुनाव को कौन सा तत्व प्रभावित करता है?

(A) बाजार प्रतिफल (B) उत्पाद प्रतिफल

(C) मध्यस्थ प्रतिफल (D) उपरोक्त सभी

**2.** भारत में सुरक्षित मुद्रा निधि का अभिरक्षक कौन है?

(A) एस.बी.आई (B) एस.आई.डी.बी.आई

(C) नाबार्ड (एन.ए.बी.ए.आर.डी) (D) आर.बी.आई.

**3.** भारत में मुद्रा एवं वित्तीय मामलों में संबंधी सरकार का वित्तीय एजेंट और सलाहकार कौन है?

(A) एस.बी.आई (B) आई.डी.बी.आई

(C) आई.सी.आई.सी.आई (D) आर.बी.आई.

**4.** मंदी के दिनों में यह करना अच्छा रहता है :

(A) बैंक-दरों में कमी करना और बाजार में प्रतिभूतियों की खरीद करना

(B) बैंक-दरों को बढ़ाना और प्रतिभूतियों को खुले बाजार से क्रय करना

(C) बैंक-दरों को कम करना और प्रतिभूतियों को खुले बाजार में बेचना

(D) बैंक-दरों को बढ़ाना और प्रतिभूतियों को खुले बाजार में बेचना

**5.** बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पीछे निम्नलिखित उद्देश्यों में से कौन सा एक उद्देश्य नहीं था?

(A) कुछेक को छोड़ कर सभी के ऊपर से नियंत्रण हटा लेना

(B) कुछेक को छोड़ कर सभी को नियंत्रित करने की व्यवस्था करना

(C) कृषि, लघु उद्योगों और निर्यात इकाइयों के लिए पर्याप्त ऋणों की व्यवस्था करना

(D) उद्यमियों के नए वर्ग को उत्साहित करना

**6.** किसी कमर्शियल बैंक को अपनी कुल जमा राशियों का जो भाग नकदी के रूप में आर.बी.आई के पास रखना पड़ता है, उसे कहते हैं :

(A) सी.आर.आर (B) एस.एल.आर

(C) बैंक दर (D) रैपो रेट

7. The emphasis of Human Resource Management is :

(A) Development (B) Punishment

(C) Promotion (D) Demotion

8. The purpose of Job evaluation is :

(A) Training (B) Promotion

(C) Wage fixation (D) Transfer

9. Induction means :

(A) Training (B) Orientation

(C) Introducing the employee (D) Certification

10. Labour productivity means :

(A) output is greater than input

(B) output is less than input

(C) output is equal to input

(D) output is negative

11. Which of the following relates to performance appraisal ?

(A) Task method (B) Price method

(C) M.B.O. (D) Link method

12. Capital structure represents :

(A) Ratio between different forms of capital

(B) All liabilities

(C) All assets

(D) Assets and liabilities

13. The item, closing inventory, is shown in the balance-sheet under :

(A) Fixed Assets (B) Current Assets

(C) Current Liabilities (D) Miscellaneous Expenditure

**7.** मानव संसाधन प्रबन्धन का बल किस पर है :

(A) विकास (B) दण्ड

(C) पदोन्नति (D) पदावनति

**8.** जॉब एव्ल्यूएशन का मनोरथ है :

(A) प्रशिक्षण (B) पदोन्नति

(C) वेतन निर्धारण (D) तबादला

**9.** प्रवेश का अर्थ है :

(A) प्रशिक्षण (B) अनुस्थापन

(C) कर्मचारी को परिचित कराना (D) प्रमाणीकरण

**10.** श्रम उत्पादकता से अभिप्राय है :

(A) निविष्ट परिमाण से उत्पादन परिमाण अधिक होता है।

(B) निविष्ट परिमाण से उत्पादन परिमाण कम होता है।

(C) निविष्ट परिमाण और उत्पादन परिमाण समान होते हैं।

(D) उत्पादन परिमाण नकारात्मक है।

**11.** निम्नलिखित में से कौन सा कार्य निष्पादन मूल्यांकन से सम्बंधित है?

(A) टास्क विधि (B) मूल्य विधि

(C) एम.बी.ओ. (D) सम्पर्क विधि

**12.** पूंजी संरचना दर्शाती है :

(A) पूंजी के विभिन्न स्वरूपों के बीच अनुपात

(B) सकल देयता

(C) सकल अभिसम्पत्तियां

(D) सकल अभिसम्पत्तियां और देयता सकल

**13.** अन्तिम स्कंध को बैलेंस शीट में किसके अन्तर्गत दर्शाया जाता है :

(A) स्थिर अभिसम्पत्तियां (B) मौजूदा अभिसम्पत्तियां

(C) मौजूदा देयताएं (D) फुटकर खर्चे

**14.** Trading on Equity means :

(A) Trading on arrears funds
(B) Trading on borrowed funds
(C) Trading on family funds
(D) Trading on friends funds

**15.** Marketing process involves :

(A) Time utility
(B) Place utility
(C) Right utility
(D) All of the above

**16.** Which of the following activities are covered under physical distribution ?

(A) Inventory
(B) Packaging
(C) Transportation
(D) All of the above

**17.** Which of the following step comes first in the selection process ?

(A) Test
(B) Application blank
(C) Screening
(D) Medical examination

**18.** M - M Theory in perfect market suggests that dividend payment :

(A) has a positive impact on the value of a firm
(B) has no impact on the value of a firm
(C) has a negative impact on the value of a firm
(D) has negligible impact on the firm

**19.** To manage " is the forecast and plan, to organise, to command, to co-ordinate and to control". These are the words of :

(A) Koontz and O'Donnel
(B) Henry Fayol
(C) F.W. Taylor
(D) Peter F. Drucker

**20.** Chunk sampling is known as :

(A) Quota sampling
(B) Convenience sampling
(C) Judgement sampling
(D) Cluster sampling

**14.** समता पर व्यापार से क्या भाव है?

(A) बकाया फण्डो पर व्यापार (B) उधार के फण्डों पर व्यापार

(C) परिवार के फण्डों पर व्यापार (D) मित्रों के फण्डों पर व्यापार

**15.** विपणन की प्रक्रिया में आते हैं :

(A) समय उपयोगिता (B) स्थान उपयोगिता

(C) अधिकार उपयोगिता (D) उपरोक्त सभी

**16.** भौतिक वितरण के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसी क्रियाएँ आ जाती हैं?

(A) स्कंध (B) पैकेजिंग

(C) परिवहन (D) उपरोक्त सभी

**17.** चयन प्रक्रिया में कौन सा कदम सबसे पहले आता है?

(A) परीक्षण (B) खाली आवेदन पत्र

(C) स्क्रीनिंग (D) मेडिकल परीक्षण

**18.** परिपूर्ण मार्किट सम्बन्धी एम.एम. सिद्धान्त सुझाते हैं कि लाभांश की अदायगी का :

(A) किसी फर्म के मूल्य पर सकारात्मक प्रभाव होता है।

(B) किसी फर्म के मूल्य पर कोई प्रभाव नहीं होता है।

(C) किसी फर्म के मूल्य पर नकारात्मक प्रभाव होता है।

(D) फर्म पर नगण्य प्रभाव होता है।

**19.** प्रबन्धन ''भविष्यवाणी और योजना है, संगठित करना है, निर्देश देना, समायोजन करना और नियंत्रण करना है।'' ये किस लेखक के शब्द हैं?

(A) कुन्ट्ज और ओ'डोन्नेल (B) हेनरी फोयल

(C) एफ.डब्ल्यू. टेयलर (D) पीटर एफ. ड्रकर

**20.** खण्ड (चंक) सैम्पलिंग को जाना जाता है :

(A) कोटा सैम्पलिंग (B) सुविधा सैम्पलिंग

(C) जजमेंट (गुण-दोष विवेचन) सैम्पलिंग (D) समुच्चय सैम्पलिंग

**21.** The first electronic computer system was developed in :

(A) 1920 (B) 1930 (C) 1935 (D) 1940

**22.** When management pays attention to more important areas looked after by lower level of management, this is known as :

(A) MBO (B) Management by exception

(C) Unity of command (D) Critical path method

**23.** Policy making is an important part of the process of :

(A) Planning (B) Coordinating

(C) Organising (D) Motivating

**24.** Which of the management functions are closely related ?

(A) Planning and organization (B) Staffing and control

(C) Planning and control (D) Planning and staffing

**25.** "Grapevine" is a term used in relation to :

(A) formal

(B) informal communication

(C) both formal and informal communication

(D) this term is not used in relation to communication

**26.** The function of "staff" in an organisation is :

(A) take advice from the line

(B) advice the line

(C) hold authority and responsibility

(D) fix responsibility for performance of tasks in a definite manner upon certain individuals

**27.** Break-Even analysis deals with :

(A) relationship between cost and cost mix

(B) relationship between cost, output and profits

(C) relationship between cost and sales

(D) relationship between profit and sales

**21.** प्रथम इलेक्ट्रानिक कम्प्यूटर प्रणाली का विकास कब हुआ ?

(A) 1920 (B) 1930 (C) 1935 (D) 1940

**22.** निम्न स्तर के प्रबन्धन की देखरेख के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की ओर प्रबन्धन ध्यान देने लगे तो इसे क्या कहते हैं ?

(A) एम.बी.ओ (B) अपवाद द्वारा प्रबन्धन

(C) आदेश में एकता (D) क्रिटीकल पाथ मैथड

**23.** निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया के लिए नीति का निर्धारण आवश्यक भाग है ?

(A) नियोजन (B) तालमेल स्थापित करना

(C) संगठन (D) अभिप्रेरण

**24.** निम्नलिखित प्रबन्धन कार्यों में से किसका परस्पर गहन सम्बन्ध है ?

(A) नियोजन और संगठन (B) स्टाफ और नियंत्रण

(C) नियोजन और नियन्त्रण (D) नियोजन और स्टाफ

**25.** 'ग्रेपवाइन' शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया जाता है ?

(A) औपचारिक

(B) अनौपचारिक सम्प्रेषण

(C) औपचारिक एवं अनौपचारिक सम्प्रेषण दोनों

(D) इस शब्द का प्रयोग सम्प्रेषण के सम्बन्ध में नहीं किया जाता

**26.** किसी संगठन में स्टाफ का कार्य है :

(A) स्टाफ सीढी से सलाह लेना

(B) स्टाफ सीढी को सलाह देना

(C) अधिकार एवं उत्तरदायित्व को संभालना

(D) कार्य निष्पादन के लिए कुछ विशिष्ट व्यक्तियों के उत्तरदायित्व के निर्धारित करना।

**27.** ब्रेक-इवन (Break-Even) एनलिसिस का सम्बन्ध है :

(A) लागत और लागत मिश्रण के बीच सम्बन्ध

(B) लागत, उत्पादन परिमाण और लाभ के बीच सम्बन्ध

(C) लागत और विक्रय के बीच सम्बन्ध

(D) लाभ और विक्रय के बीच सम्बन्ध

**28.** Dissolution of firm takes place :

(A) By the death or insolvency of any one partner

(B) The retirement of any one partner

(C) By the expiry of term

(D) By the insolvency of all but one partner

**29.** X Ltd. purchased land and building worth Rs. 28,80,000 and in lieu issued debentures of Rs. 100 each at a discount of 4%. What are the number of debentures issued ?

(A) 28,800 (B) 30,000 (C) 32,000 (D) 34,000

**30.** X, Y and Z are partners in the ratio of $\frac{1}{2}:\frac{2}{5}:\frac{1}{10}$ what will be new ratio of the remaining partners if X retires :

(A) 2 : 1 (B) 4 : 1 (C) 5 : 1 (D) 3 : 1

**31.** Match items in ***List-I*** with items in ***List-II***.

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Mega Marketing | (i) | Advertising |
| (b) | Skimming Price | (ii) | Post Purchase Behaviour |
| (c) | Promotion mix | (iii) | High Price |
| (d) | Customer dissonance | (iv) | Philip Kotler |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(iv)* | *(iii)* | *(i)* | *(ii)* |
| (B) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (C) | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* |
| (D) | *(ii)* | *(iv)* | *(iii)* | *(i)* |

**28.** किसी फर्म का विघटन तब होता है जब :

(A) किसी भागीदार की मृत्यु होने अथवा उसके दिवालिया होने पर

(B) किसी भागीदार के रिटायर होने पर

(C) कार्यावधि के पूरा होने पर

(D) एक भागीदार को छोड़ सभी भागीदारों के दिवालिया होने पर

**29.** एक्स लिमिटेड ने 28,80,000 रुपए में भूमि और इमारत खरीदी और इसके बदले में 4% पर 100 रुपए प्रति मूल्य के ऋण-पत्र (डिबेंचर) जारी कर दिये। जारी किये गए डिबेंचरों की संख्या कितनी है?

(A) 28,800 (B) 30,000 (C) 32,000 (D) 34,000

**30.** एक्स, वाई, जैड $\frac{1}{2}:\frac{2}{5}:\frac{1}{10}$ अनुपात से भागीदार हैं। यदि एक्स रिटायर हो जाए तो बाकी भागीदारों की नई भागीदारी अनुपात क्या होगी?

(A) 2 : 1 (B) 4 : 1 (C) 5 : 1 (D) 3 : 1

**31.** ***सूची-I*** और ***सूची-II*** की मदों का सुमेल कीजिए।

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | मेगा विपणन | (i) | विज्ञापन |
| (b) | स्किमिंग मूल्य | (ii) | क्रय के बाद का व्यवहार |
| (c) | संवर्द्धन मिश्रण | (iii) | उच्च मूल्य |
| (d) | ग्राहक असंवादिता | (iv) | फिलिप कोटलर |

***कोड :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(iv)* | *(iii)* | *(i)* | *(ii)* |
| (B) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (C) | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* |
| (D) | *(ii)* | *(iv)* | *(iii)* | *(i)* |

**32.** Match the following :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Merchandise exports | (i) | Purchase of foreign goods |
| (b) | Merchandise imports | (ii) | Sales of goods abroad |
| (c) | Investment Income | (iii) | Largely caused by excess of imports over exports in merchandise |
| (d) | Balance of Payments Deficits | (iv) | Dividends, interest etc. received from abroad |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (C) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (D) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |

**33.** Match items in ***List-I*** with items in ***List-II*** :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | ABC analysis | (i) | Profitability |
| (b) | ROI | (ii) | Inventory control |
| (c) | Contribution Margin | (iii) | Project evaluation |
| (d) | NPV | (iv) | B/E analysis |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (C) | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* | *(iii)* |
| (D) | *(i)* | *(iii)* | *(ii)* | *(iv)* |

32. ***सूची-I*** की मदों का ***सूची-II*** की मदों से सुमेल बिठाइए :

| ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | मैरकंडाइज़ निर्यात | (i) | विदेशी माल का क्रय |
| (b) | मैरकंडाइज़ आयात | (ii) | विदेश में माल की बिक्री |
| (c) | विनियोग आय | (iii) | मैरकंडाइज के अन्तर्गत निर्यात का आयात की उपेक्षा कम होना मुख्यतया कारण है। |
| (d) | भुगतान संतुलन में कमी | (iv) | विदेशों से प्राप्त लाभांश, ब्याज आदि |

***कोड :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (C) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (D) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |

33. ***सूची-I*** की मदों का ***सूची-II*** की मदों से सुमेल बिठाइए :

| ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | ABC विश्लेषण | (i) | लाभदायकता |
| (b) | आर.ओ.आई. | (ii) | स्कंध नियन्त्रण |
| (c) | अंशदान सीमा | (iii) | परियोजना मूल्यांकन |
| (d) | एन.पी.वी. | (iv) | ब्रेक इवन विश्लेषण |

***कोड :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (C) | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* | *(iii)* |
| (D) | *(i)* | *(iii)* | *(ii)* | *(iv)* |

**34.** Match the following :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Going Concern Concept | (i) | The same accounting method used by a firm from one period to another |
| (b) | Consistency | (ii) | Relates to the relative size or importance of an item or event |
| (c) | Cost principle | (iii) | An inappropriate assumption for a firm undergoing bankruptcy |
| (d) | Materiality | (iv) | The normal basis used to account for assets |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(ii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (D) | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* |

**35.** Match the following :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Smoothed Frequency Curve | (i) | To determine and portray the number of proportions of cases |
| (b) | Histogram | (ii) | It is one dimensional |
| (c) | Bar diagram | (iii) | It is two dimensional |
| (d) | Ogives | (iv) | Can be drawn through various points of polygon |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |
| (D) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |

34. ***सूची-I*** की मदों का ***सूची-II*** की मदों से सुमेल बिठाइए :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | गोइंग कंसरन विचारधारा | (i) | एक समय से दूसरे समय तक किसी फर्म द्वारा प्रयुक्त एक ही लेखांकन तरीका |
| (b) | एकरूपता विचारधारा | (ii) | किसी मद अथवा घटना के सापेक्षिक आकार अथवा महत्व से सम्बंधित है। |
| (c) | लागत सिद्धान्त | (iii) | ऐसी फर्म जो दिवालिया हो रही हो, के प्रति अनुपयुक्त अवधारणा |
| (d) | मैटियरिएलिटी | (iv) | अभिसम्पत्तियों को लेखा में लेने के सामान्य आधार |

***कोड :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(ii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (D) | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* |

35. ***सूची-I*** की दमों का ***सूची-II*** की मदों से सुमेल बिठाइए :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | समतल आवृत्ति वक्र | (i) | मामलों के अनुपात की गिनती का निर्धारण और अंकन |
| (b) | हिस्टोग्राम | (ii) | यह एक आयामी है |
| (c) | बार डायग्राम | (iii) | यह द्वि-आयामी है |
| (d) | ओजाइव | (iv) | बहुभुज के विभिन्न बिंदुओं से गुजारा जा सकता है |

***कोड :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |
| (D) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |

**36.** Match the following :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Merchandise Inventory | (i) | Prevents arbitrary changes from one accounting or measurement approach from one period to another |
| (b) | Comparability Quality | (ii) | Inventory of a retailer of wholesaler |
| (c) | Net Realisable Value | (iii) | Item acquired by purchase, growth or extraction of natural sources for further processing |
| (d) | Raw Materials Inventory | (iv) | Estimated selling price of product in the ordinary course of business |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (C) | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* |
| (D) | *(iv)* | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* |

**37.** Match the following :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Maxi-min principle | (i) | take minimum pay-off of each action and whichever is minimum is best action |
| (b) | Mini-max principle | (ii) | take maximum pay-off of each action and whichever is maximum is best action |
| (c) | Max-max principle | (iii) | take maximum pay-off of each action and whichever is minimum is best action |
| (d) | Min-min principle | (iv) | take minimum pay-off of each action and whichever is maximum is best action |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* | *(ii)* |
| (D) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |

**36.** निम्नलिखित में सुमेल बिठाइए :

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (a) | मैरकंडाइज़ स्कंध | (i) | अलग-अलग अवधि के लिए लेखा विधि अथवा मापन प्रणाली के मनमाने परिवर्तन को रोकना। |
| (b) | तुलनात्यकता गुण | (ii) | खुदरा अथवा थोक व्यापारी की स्कंध। |
| (c) | विशुद्ध वसूली योग्य मोल | (iii) | प्राकृतिक स्त्रोतो से आमद, विकास अथवा क्रय द्वारा प्राप्त और आगे संसाधित की जाने वाली वस्तुएँ। |
| (d) | कच्चा माल स्कंध | (iv) | व्यापार के सामान्य क्रय में उत्पाद का अनुमानित मूल्य। |

***कोड :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (C) | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* |
| (D) | *(iv)* | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* |

**37.** ***सूची-I*** की मदों का ***सूची-II*** की मदों से सुमेल बिठाइए :

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (a) | अधिकतम-न्यूनतम सिद्धान्त | (i) | प्रत्येक क्रिया से न्यूनतम लाभ को लें, और जिस क्रिया से न्यूनतम लाभ हो वही क्रिया श्रेष्ठतम है। |
| (b) | न्यूनतम-अधिकतम सिद्धान्त | (ii) | प्रत्येक क्रिया से अधिकतम लाभ को लें, और जिस क्रिया से अधिकतम लाभ हो, वही क्रिया श्रेष्ठतम है। |
| (c) | अधिकतम-अधिकतम सिद्धान्त | (iii) | प्रत्येक क्रिया से अधिकतम लाभ को लें, और जिससे न्यूनतम लाभ हो, वही क्रिया श्रेष्ठतम है। |
| (d) | न्यूनतम-न्यूनतम सिद्धान्त | (iv) | प्रत्येक क्रिया से न्यूनतम लाभ को लें, और जिससे अधिकतम लाभ हो, वही क्रिया श्रेष्ठतम है। |

***कोड :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* | *(ii)* |
| (D) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |

**38.** The hypothesis testing consists of following steps :

(i) Establish a level of significance, prior to sampling

(ii) Defining the rejection or critical regions

(iii) State the hypothesis

(iv) Determination of a suitable test statistic

Which of the sequence is correct ?

(A) *(ii), (iii), (iv), (i)* (B) *(iii), (i), (iv), (ii)*

(C) *(iii), (ii), (iv), (i)* (D) *(iv), (iii), (ii), (i)*

**39.** Which of the following liabilities are taken into account for acid test ratio ?

(i) Trade Creditors

(ii) Bank Overdraft

(iii) Bills Payable

(iv) Outstanding Expenses

(v) Redeemable debentures

(A) *(i), (ii), (iii), (iv) and (v)* (B) *(i), (ii), (iii) and (iv)*

(C) *(i) and (ii) only* (D) *(i), (iii) and (iv)*

**40.** ***Statements :***

(i) Employee development is more future oriented and more concerned with education than employee training.

(ii) Apprenticeship programme is one which is widely used off the job training.

(A) Both correct (B) Both incorrect

(C) (i) correct, (ii) incorrect (D) (i) incorrect, (ii) correct

**41.** For profit maximization of a firm we must have :

(i) MC = MR

(ii) Marginal cost curve cuts the average cost curve from below.

(A) Only (i) is correct (B) Only (ii) is correct

(C) Both incorrect (D) Both correct

**42.** ***Statements :***

(i) Fringe benefits, now-a-days are a significant component of 'compensation.'

(ii) Under piece-rate plan, employees are paid at a stipulated rate per hour of work done by the employee.

(A) Both are correct (B) Both are incorrect

(C) (i) incorrect, (ii) correct (D) (i) correct, (ii) incorrect

**38.** परिकल्पना परीक्षण के चरण हैं :

(i) सैम्पलिंग से पूर्व महत्त्व के स्तर को स्थापित करना

(ii) अस्वीकृति अथवा गम्भीर क्षेत्रों को पारिभाषित करना

(iii) परिकल्पना का विवरण

(iv) उचित सांख्यिकी परीक्षण का निर्धारण

निम्नलिखित में से कौनसा क्रम सही है :

(A) *(ii), (iii), (iv), (i)* (B) *(iii), (i), (iv), (ii)*

(C) *(iii), (ii), (iv), (i)* (D) *(iv), (iii), (ii), (i)*

**39.** एसिड़ परीक्षण अनुपात में निम्नलिखित में से कौन से दायित्व लिए जाते हैं?

(i) व्यापारिक लेनदार

(ii) बैंक ओवरड्राफ्ट

(iii) अदायगी योग्य बिल

(iv) अहत्त खर्चे

(v) परिवर्त्तनीय ऋणपत्र

(A) *(i), (ii), (iii), (iv) और (v)* (B) *(i), (ii), (iii) और (iv)*

(C) *(i) और (ii) मात्र* (D) *(i), (iii) और (iv)*

**40.** ***अभिकथन :***

(i) कर्मचारी प्रशिक्षण की अपेक्षा कर्मचारी की शिक्षा उनके विकास के लिए अधिक भविष्योमुखी है।

(ii) प्रशिक्षता कार्यक्रम ऐसा कार्यक्रम है जिसे विस्तृत पैमाने पर जॉब प्रशिक्षण के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

(A) दोनों सही हैं। (B) दोनों गलत हैं।

(C) (i) सही है, (ii) गलत है। (D) (i) गलत है, (ii) सही है।

**41.** किसी फर्म के लाभ को अधिकतम बनाने के लिए क्या शर्त है?

(i) एम.सी. = एम.आर.

(ii) सीमान्त लागत वक्र, औसत लागत वक्र को नीचे की ओर काटता है।

(A) केवल (i) सही है। (B) केवल (ii) सही है।

(C) दोनों गलत हैं। (D) दोनों सही हैं।

**42.** ***अभिकथन :***

(i) आजकल अनुषंगी लाभ मुआवजे का महत्वपूर्ण अंग है।

(ii) पीस-रेट योजना के अधीन कर्मचारियों को प्रति घंटा की दर से एक निश्चित राशि अदा की जाती है।

(A) दोनों सही हैं। (B) दोनों गलत हैं।

(C) (i) गलत है, (ii) सही है। (D) (i) सही है, (ii) गलत है।

43. *Statements :*

(i) The objective of Finance function is Wealth maximisation.

(ii) The objective of Finance function is Profit maximisation

(A) Both correct

(B) Both incorrect

(C) (i) correct, (ii) incorrect

(D) (i) incorrect, (ii) correct

44. *Statements :*

(i) Dividends can be paid only when there are profits.

(ii) Dividends can be paid when there are losses

(A) Both are correct

(B) Both are incorrect

(C) (i) is incorrect, (ii) is correct

(D) (i) is correct, (ii) is incorrect

45. *Statements :*

(i) The greater a firms degree of operating leverage, the more its EBIT will vary with respect to fluctuations in sales.

(ii) The greater a firms degree of operating leverage, the less its EBIT will vary with fluctuations in sales.

(A) Both correct

(B) Both incorrect

(C) (i) correct, (ii) incorrect

(D) (i) incorrect, (ii) correct

The Indian insurance industry has come a long way. From being providers of tax planning instruments to introducing concepts of retirement planning, wealth creation etc., customers are strengthening their ties with this industry every passing day. Today life insurance is among the fastest growing industries in India. Inspired by tremendous growth in the life insurance sector, many comparisons - product features, charge structures, returns etc - have been drawn between life insurance and other financial services, mostly mutual funds. These comparisons resulted in emergence of ULIPs as a preferred product and in fact they display some similarities with MFs.

The individual policy holders or retail customers by the product when he or she wants systematically provide towards a specific important goal. They take money regularly out of their monthly or annual income to make contribution for their goal = children education, health etc. Thus investment policies of life insurance companies are designed to enable policy holders meet their respective financial goals, while ensuring that the government is adequately funded for long term projects

46. Which of the following products are provided by Indian insurance industry ?

(A) Tax Planning

(B) Wealth-Creation

(C) Retirement Planning

(D) All of the above

43. *अभिकथन :*

(i) वित्त का उद्देश्य सम्पदा को अधिकतम करना है।

(ii) वित्त का उद्देश्य लाभ को अधिकतम करना है।

(A) दोनों सही हैं। (B) दोनों गलत हैं।

(C) (i) सही है, (ii) गलत है। (D) (i) गलत है, (ii) सही है।

44. *अभिकथन :*

(i) लाभांश केवल उसी दशा में दिये जा सकते हैं जब लाभ हो।

(ii) लाभांश हानि होने की दशा में दिये जा सकते हैं।

(A) दोनों सही हैं। (B) दोनों गलत हैं।

(C) (i) गलत है, (ii) सही है। (D) (i) सही है, (ii) गलत है।

45. *अभिकथन :*

(i) ओपरेटिंग लीवरेज की डिग्री किसी फर्म की जितनी अधिक होगी उतनी ही बिक्री के उतार-चढ़ाव के साथ उसकी ई.बी.आई.टी अधिक होगी।

(ii) ओपरेटिंग लीवरेज की डिग्री किसी फर्म की जितनी कम होगी उतनी ही बिक्री के उतार-चढ़ाव के साथ उसकी ई.बी.आई.टी. कम होगी।

(A) दोनों सही हैं। (B) दोनों गलत हैं।

(C) (i) सही है, (ii) गलत है। (D) (i) गलत है, (ii) सही है।

भारतीय बीमा उद्योग ने लम्बा रास्ता तय कर लिया है। कर विनियोजन साधनों का प्रबन्ध करने के साथ साथ सेवा निवृत्ति विनियोजन और सम्पदा निर्माण इत्यादि की अवधारणा को भी शुरु किया है और विनियोक्ता इस उद्योग से प्रतिदिन अपने सम्बन्धों को सुदृढ़ कर रहे हैं। आज जीवन बीमा उद्योग भारतीय उद्योगों में से तीव्रतम गति से उन्नत हो रहे उद्योगों में से है। जीवन बीमा उद्योग क्षेत्र में भारी विकास से उत्प्रेरित होकर कई तुलनाएं-यथा उत्पाद विशिष्टता, खर्चा संरचना, प्रतिफल इत्यादि-जीवन बीमा और अन्य वित्तीय सेवाओं जिसमें म्यूचल फंड प्रमुख है, के बीच की जाती हैं। इन तुलनाओं के परिणाम स्वरूप यूलिप अधिमानित उत्पाद के रूप में उभरा है और वास्तविकता यह है कि उनमें म्यूचल फण्डों की सी समानताएं परिलक्षित होती हैं।

व्यैक्तिक पालिसी धारक अथवा खुदरा ग्राहक तब पालिसी लेता है जब किसी व्यक्ति ने किसी विशेष आवश्यक उद्देश्य के किए व्यवस्थित ढंग से धन का प्रबन्ध करना हो। इस उद्देश्य के लिए वे अपनी मासिक अथवा वार्षिक आय से अंश दान की राशि नियमित रूप से निकालते हैं यथा बच्चों की पढाई, स्वास्थ्य इत्यादि के लिए। इस प्रकार, जीवन बीमा कम्पनियों की रूपरेखा इस प्रकार की तैयार की गई है कि वे पालिसी धारकों के विशिष्ट वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकें और इसके साथ-साथ सरकार को भी दीर्घ काली परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धन मिल पाए।

46. निम्नलिखित में से कौन से कार्यों का भारतीय बीमा उद्योग द्वारा प्रबन्ध किया जाता है?

(A) कर विनियोजन (B) सम्पदा निर्माण

(C) सेवा निवृति विनियोजन (D) उपरोक्त में से सभी

**47.** Who is the majority investor in insurance companies ?

(A) Individual Policy-Holder or Retail Customer

(B) Corporate Sector

(C) Government Sector

(D) Semi-Government Sector

**48.** Which of the following is the primary objective of insurance companies to invest savings of customers ?

(A) Steady increments

(B) Risky investments

(C) Short-term investments

(D) Medium-term investments

**49.** Which type of customer-behaviour is observed for making investment in insurance companies ?

(A) One-time savings

(B) Regular small-savings

(C) Savings on sudden-gain

(D) Retirement-savings only

**50.** Insurance Companies and Mutual Funds both provides to customers :

(A) Insurance Policies only

(B) ULIPs

(C) Bonds

(D) Loans

- o O o -

**47.** बीमा कम्पनियों में बहुमत विनियोक्ता कौन है ?

(A) व्यैक्तिक पालिसी होल्डर अथवा खुदरा ग्राहक

(B) कार्पोरेट क्षेत्र

(C) सरकारी क्षेत्र

(D) अर्ध-सरकारी क्षेत्र

**48.** ग्राहकों की बचतों के विनियोग में बीमा कम्पनियों का निम्नलिखित में से कौन सा मुख्य उद्देश्य होता है ?

(A) सुस्थिर वार्षिक बढ़ोत्तरी (B) जोखिम पूर्ण विनियोग

(C) लघुकाली विनियोग (D) माध्यमिक विनियोग

**49.** बीमा कम्पनियों में विनियोग करने वाले विनियोक्ताओं का व्यवहार किस प्रकार का होता है ?

(A) एक मुश्त बचतें (B) नियमित छोटी बचतें

(C) आकस्मिक लाभ से बचतें (D) सेवानिवृति बचतें मात्र

**50.** बीमा कम्पनियां और म्यूचल फण्ड दोनों ही विनियोक्ता को देते हैं :

(A) बीमा पालिसी मात्र (B) यूलिप

(C) बाण्ड (D) ऋण

- o O o -

**Space For Rough Work**